एक नजर में

पार्थ चित्रकला में प्रथम

नरसिंहगढ़ 20 जुलाई, सं. स्थानीय निजी विद्यालय भंडारी हाइट्स स्कूल के कक्षा प्रथम के छात्र पार्थ व्यास ने रंगोत्सव सेलिब्रेशन के तहत चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया. पार्थ ने यह उपलब्धि कक्षा 5 तक के सभी प्रतिस्पर्धी छात्रों के बीच हासिल की. उन्हें पुरस्कार स्वरुप 750 रु नगद और प्रमाणपत्र दिया गया. गौरतलब है कि पार्थ सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश व्यास के पौत्र हैं. उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और परिजनों ने बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

झण्डा दिवस निधि संग्रहण में जिला बना मिसाल

राजगढ़ 20 जुलाई, का. सशस्त्र सेना झण्डा दिवस वर्ष 2024-2025 में राजगढ़ जिले ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी गई लक्ष्य राशि 7,45,400 रूपये से अधिक राशि 7,62,850 रूपए सैनिकों के कल्याण हेतु एकत्रित की है, जो कि लक्ष्य राशि का 102 प्रतिशत है. अवगत रहे कि यह राशि पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में संचालनालय सैनिक कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनायों के माध्यम से उपयोग में ली जाती है. इस महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल द्वारा 21 अप्रैल को लोकभवन में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जो कि डॉ. मिश्रा की ओर से जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) ने ग्रहण किया. उक्त प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) द्वारा सोमवार को आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा को भेंट किया.

भूमि बेचना है
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी
सम्पर्क करें : 9424406947
बिल : 09 अगस्त

तीन सप्ताह बीते, एक तिहाई बरसात भी नहीं

आधा जुलाई गुजरने के बाद सिस्टम सक्रिय हुआ, बीते दो सालों के आंकड़ों से इस बार मानसून पिछड़ा

सोमवार को ठण्डी हवा के साथ सिर्फ बादल छाए रहे, शाम को बूंदाबांदी ने उम्मीद बढ़ाई

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 20 जुलाई, का. जुलाई के 20 दिन बीत चुके है. तीन सप्ताह बीते के बाद भी जुलाई महीने के हिस्से की एक तिहाई बारिश नहीं हो पाई है. बीते दो सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो इस वर्ष 300 मिमी बारिश भी जिले में अब तक नहीं पाई है. बीते दो वर्षों के 30 जुलाई तक के आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो ज्ञात होता है कि करीब 900 मिमी औसत बारिश होती रही है. लेकिन इस बार 20 जुलाई तक सिर्फ 200 मिमी बारिश बमुश्किल दर्ज हो सकी है.

हालांकि जिस प्रकार से मानसूनी सिस्टम एक बार फिर से सक्रिय हो रहा है उससे आशा की जा रही है कि जो बरसात का आंकड़ों में घाटा हो रहा है उसकी भरपाई अब हो जाएगी. लोग उमस से परेशान है. मौसमी बीमारियों से हर दूसरा व्यक्ति संक्रमित हो रहा है. इस सब के बीच बारिश का लगातार इंतजार करवाना लोगों को बैचेन कर रहा है.

इस वर्ष बड़े जलाशय, बांध, तालाब सभी सूखे है और उनक जलराशि नजर नहीं आ रही है. बड़ी नदियों की हालत भी कुछ इसी प्रकार की है. बीते दिनों 8 जुलाई तक होने वाली बारिश से ठण्डक के कारण भूमिगत जल फिर से जीवंत हो उठा था. जिसके चलते पेयजल संकट के आसार अभी नहीं है. लेकिन यदि बारिश की खेंच इसी प्रकार रही तो परेशानियां बढ़ सकती है.

हर दिन बादलों की ओर ताक रहा किसान

किसानों का कहना है कि पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों की मिट्टी सूखने लगी थी. ऐसे में फसलों की बढ़वार के लिए लगातार और अच्छी बारिश जरूरी है. उनका कहना है कि सोमवार की बारिश से राहत तो मिली, लेकिन खेती के लिहाज से यह पर्याप्त नहीं है. कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय सोयाबीन और मक्का की फसल को पर्याप्त नमी की आवश्यकता है. यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसलों की बढ़वार और उत्पादन प्रभावित हो सकता है. बारिश के बाद किसान अब आगामी दिनों के मौसम पर नजर बनाए हुए हैं. उनका कहना है कि खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन के लिए लगातार और अच्छी बारिश होना बेहद जरूरी है.

बीते 5 वर्षों में 20 जुलाई तक दर्ज औसत बारिश के आंकड़े

20 जुलाई 2022 का आंकड़ा-
जीरापुर 357.9 मिमी, खिलचीपुर 506, राजगढ़ 466.2, ब्यावरा 434.3, नरसिंहगढ़ 614.2, सारंगपुर 418.8, पचोर 598.2 मिमी दर्ज की गई. जिले में कुल 579.6 मिमी दर्ज की गई थी.

20 जुलाई 2023 का आंकड़ा-
वर्ष 2023 में 20 जुलाई तक जिले में कुल 459.7 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी थी. इनमें जीरापुर में 615 मिमी, खिलचीपुर 427, राजगढ़ 516.1, ब्यावरा 367, नरसिंहगढ़ 410.7, सारंगपुर 360.8, पचोर में 564.8 मिमी बारिश हो चुकी है.

2024 का आंकड़ा-
20 जुलाई तक वर्ष 2024 में औसत बारिश 403 मिमी हो चुकी थी. इनमें जीरापुर में 595, खिलचीपुर में 219, राजगढ़ 151, ब्यावरा में 440, नरसिंहगढ़ में 480, सारंगपुर में 381 और पचोर में 368 मिमी बारिश दर्ज की गई. सर्वाधिक वर्षा जीरापुर में दर्ज की गई थी.

2025 का आंकड़ा-
20 जुलाई तक वर्ष 2025 में औसत बारिश 498:5 मिमी हो चुकी थी. इनमें जीरापुर में 395, खिलचीपुर में 471, राजगढ़ 510, ब्यावरा में 848, नरसिंहगढ़ में 536, सारंगपुर में 230 और पचोर में 438 मिमी बारिश दर्ज की गई. सर्वाधिक वर्षा ब्यावरा में दर्ज की गई थी.

2026 का आंकड़ा-
20 जुलाई तक इस वर्ष 2026 में औसत बारिश महज 282 मिमी हो चुकी है. इनमें जीरापुर में 399, खिलचीपुर में 354, राजगढ़ 226, ब्यावरा में 154, नरसिंहगढ़ में 118, सारंगपुर में 331 और पचोर में 397 मिमी बारिश दर्ज की गई. इस वर्ष जिले में सर्वाधिक वर्षा अब तक जीरापुर में दर्ज की गई है.

टीबी मुक्त भारत अभियान और कुपोषित बच्चों की मॉनिटरिंग पर विशेष जोर

राजगढ़ 20 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को ई-संगिनी ऐप डाउनलोड कर उसमें पंजीयन कराने के निर्देश दिए. साथ ही अधिक से अधिक अधिकारियों को निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के पोषण एवं उपचार सहयोग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले के सभी गंभीर एवं मध्यम कुपोषित (एसएएम एवं एमएएम) बच्चों की मैपिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. पर्यवेक्षकों को प्रत्येक बच्चे का फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड करने तथा संबंधित जानकारी नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए गए. साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से ऐसे बच्चों का निरीक्षण कर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कहा.

साईनाथ कॉन्वेंट ने छात्रा को दी हवाई यात्रा की सौगात

96 प्रतिशत अंक लाने वाली प्रतिज्ञा भिलाला को माँ वैष्णो देवी दर्शन के लिए भेजा

नवभारत न्यूज

पडाना 20 जुलाई, सं. शिक्षा के साथ संस्कार और बच्चों के हौसले को पंख देने की मिसाल सारंगपुर जन शिक्षा केंद्र के पडाना संकुल अंतर्गत ग्राम आसारेटा स्थित साई नाथ कॉन्वेंट हाई स्कूल ने पेश की है.

विद्यालय ने अपने वादे को निभाते हुए कक्षा 10वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा प्रतिज्ञा भिलाला को हवाई जहाज से माँ वैष्णो देवी कटरा दर्शन के लिए भेजा. विद्यालय परिवार ने 15 अगस्त 2025 को घोषणा की थी कि जो भी छात्र 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाएगा, उसे संस्था की ओर से हवाई यात्रा कराकर माँ वैष्णो देवी के दर्शन करवाए जाएंगे. अपने इसी संकल्प को पूरा करते हुए स्कूल ने प्रतिज्ञा को सम्मान के साथ रवाना किया. इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ टॉपर बनाना नहीं है. हम बच्चों को सपने देखने और उन सपनों को पूरा करने की उड़ान देना चाहते हैं. हर छोटे-बड़े प्रयास को सम्मान देकर हम उनमें प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास जगाने का काम करते हैं. प्रतिज्ञा की इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे ग्राम आसारेटा का नाम रोशन हुआ है.

इस मौके पर छात्रा के माता-पिता, आचार्य रवि जाट, मनोज राठौर, अमित जाट, मनोज परमार, धर्मेंद्र सिंह, कमल परमार, आशीष पालीवाल, कृष्णपाल, पप्पू भैया, सतीश, गिरिजा पालीवाल, प्रभाकर, महालक्ष्मी बरेठा, कुमकुम पूरी, नेहा विश्वकर्मा, खुशी यादव, निर्जला भिलाला, प्राची पूरी सहित समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे.

ट्रांसफार्मर पर चढ़ते ही करंट की चपेट में आया बंदर

ब्यावरा 20 जुलाई, का. नवीन नपा कॉम्पलेक्स के सामने डिवाईडर पर लगे ट्रांसफार्मर पर चढ़ते ही करंट की चपेट में आने से एक बंदर बुरी तरह हताहत हो गया. बंदर सड़क पार कर रहा था, ट्रैफिक से बचने के लिए वहा फेंसिंग पर चढ़ते हुए सीधे ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया. वहां जम्पर के टच होते ही जोरदार झटका लगा और नीचे आ गिरा. घटना के दौरान काफी बड़ा फाल्ट और चिंगारी देखी गई. लोगों की भीड़ जमा हो गई. घायल बंदर को उपचार के लिए भेजा गया. समाचार लिखे जाने तक बंदर का उपचार किया जा रहा था. हालांकि वह सकुशल है.

ई-अटेंडेंस नहीं डालने वाले मण्डी सचिव तलब होंगे

सीएम हेल्पलाइन, जलकर वसूली, छात्रावासों और री-ईकेवाईसी की समीक्षा

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 20 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को आयोजित समय सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी विभाग जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि जलकर (वाटर टैक्स) के बिलों का शत-प्रतिशत जनरेशन अनिवार्य रूप से किया जाए. उन्होंने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को तत्काल सर्वे कर यह पता लगाने के निर्देश दिए कि जलकर जमा नहीं होने के पीछे क्या कारण हैं तथा वसूली बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें.

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए नगरीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि तीन दिवस के भीतर प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के तीन दिवस के वेतन कटौती की कार्रवाई की जाएगी. मुख्यत डॉ. गढ़पाले ने सार्थक ऐप पर नियमित उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले सभी मंडी सचिवों को तलब करने के निर्देश भी दिए तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिदिन सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करने के लिए कहा. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए कि अगले एक सप्ताह के भीतर जिले के सभी छात्रावासों का जिला स्तरीय अधिकारियों से निरीक्षण कराया जाए तथा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की जाए. बैठक में री-ईकेवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि री-ईकेवाईसी की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाए. इस अवसर पर अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज, संयुक्त कलेक्टर विरेन्द्र सिंह दांगी, डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

तलेन में एल्डरमैन का स्वागत किया

तलेन 20 जुलाई, सं. नगर परिषद तलेन के नवनियुक्त एल्डरमैन गिरधारी लाल जाटव, चंद्रसिंह यादव उस्ताद, शांतिलाल कुंभकार व रमेश राठौर का विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने पुष्प माला पहनाकर एवं साफा बांधकर का स्वागत किया. इस मौके पर जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रूहेला सहित भाजपा वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

राज्यमंत्री ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

राजगढ़ 20 जुलाई, का. नशामुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान श्री पंवार ने उपस्थित सभी नागरिकों, अधिकारियों और युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए नशामुक्ति शपथ दिलाई. उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए बहुत घातक है. युवा इसकी चपेट में आकर अक्सर अपना भविष्य खराब कर लेते है. हमें अपने परिवेश में नशा करने वालों को नशे से दूर करने का प्रयास करना चाहिए. कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे.

जगन्यापुरा हादसे के बाद चेता प्रशासन, खदानों की होगी जांच

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 20 जुलाई, का. ग्राम जगन्यापुरा खदान के पानी में डूबने से दो बच्चों एवं उनकी बुआ की मौत हो गई थी जिसके 14 दिन बाद प्रशासन ने खदानों की जांच करने का फैसला लिया है. अब अवैध खनन के साथ-साथ खदानों की वास्तविक गहराई भी मापी जाएगी. खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम लीज क्षेत्र और खनन की गहराई का भौतिक सत्यापन करेगी. जिसके बाद नियमानुसार कार्यवाहीं की जायेगी. भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. यदि यह जांच प्रभावी रही, तो क्षेत्र की खदानों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित होगा और लापरवाही बरतने वाले संचालकों पर सख्त कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा. अधिक मुनाफे के लिए कई स्थानों पर तय सीमा से अधिक खुदाई की शिकायतें मिलती रहती हैं. जांच में यदि तय सीमा से अधिक खुदाई या लीज क्षेत्र से बाहर खनन मिला तो संबंधित संचालकों के खिलाफ जुर्माना और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. एसडीएम गोविंद दुबे ने बताया कि खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम सभी संचालित खदानों का निरीक्षण करेगी. जांच में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खनन लीज की शर्तों और निर्धारित गहराई के अनुसार हुआ है या नहीं. जिसके बाद नियमानुसार कार्यवाहीं की जायेगी.

फैसला ▶ **मामला सलमान हत्याकाण्ड का, सबूतों और गवाहों के अभाव में दो बरी**

सलमान के 9 साल के बेटे की गवाही पर तीन को उम्रकैद

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 20 जुलाई, सं. सारंगपुर के बहुचर्चित सलमान हत्याकांड में न्यायालय ने सोमवार को तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. हत्या की साजिश रचने और हथियार उपलब्ध कराने के आरोप में शामिल दो अन्य आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया. प्रत्यक्षदर्शी रहे मृतक के 9 वर्षीय बेटे की गवाही को कोर्ट ने महत्वपूर्ण आधार बनाया.

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अतुलराज भलावी ने भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस्) की धारा 103(1), 61(2) तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत सरफराज, शाहनवाज और शफीक को दोषी ठहराया. न्यायालय ने तीनों को उम्रकैद और तीन-तीन हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया. आपराधिक षड्यंत्र के मामले में पांच-पांच वर्ष के कारावास और एक-एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई.

मुख्य आरोपी सरफराज को अवैध हथियार रखने और उपयोग करने के मामले में अतिरिक्त सात वर्ष और पांच वर्ष के कारावास के साथ अर्थदंड भी लगाया गया है.

पार्क के सामने कट्टे से मारी थी गोली

अतिरिक्त लोक अभियोजक शिवप्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना 17 सितंबर 2024 की रात करीब 9 बजे हुई थी. सलमान अली अपने बेटे के साथ नेहरू पार्क के सामने खड़े थे. इसी दौरान बाइक पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और सरफराज ने देशी कट्टे से सलमान के सिर में गोली मार दी. गंभीर रूप से घायल सलमान की मौत हो गई थी. मृतक के भाई अजीम की रिपोर्ट पर सारंगपुर थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया था. अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 24 गवाह पेश किए. मृतक के पुत्र सुफियान की प्रत्यक्षदर्शी गवाही, वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी माना. वहीं, जेल में बंद रहते हुए साजिश रचने के आरोपी सलामत और भोपाल निवासी नासिर, जिस पर हथियार उपलब्ध कराने का आरोप था, को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया. पुलिस जांच में तत्कालीन टीआई आकांक्षा हाड़ा और एसडीओपी अरविंदसिंह के नेतृत्व में टीम ने करीब 200 घंटे के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों तक पहुंच बनाई थी. यह मामला पूरे क्षेत्र में काफी चर्चित रहा था.

MUNICIPAL COUNCL BIAORA

Sr. No. 990/NP/2026 BIAORA Dated 16-07-2026

Tender Notice For Manpower Supply For BMC

Municipal Council BIAORA invites sealed tenders under two bid systems from eligible firms/companies for supply of manpower (High-Skilled, Skilled, Semi-skilled, Unskilled Labour) for different works at Outsource Basis at BIAORA.

Tender id	S.No	Details of Labour	Category	Proposed No Of Labour
2026_UAD _521524_1	1	Computer Operators	Skilled	As Per Required
	2	Drivers	Skilled	
	3	Watchman, Security Guards	Semi-Skilled	
	4	Office Workers	Un-Skilled	
	5	Sanition Labour		
		Total		

The tender document download from our website www.mptenders.gov.in The bidder who had downioaded the tender document. should submit online EMD and this should be attached with the fee for EMD in the. Technical bid of tender document. else tender document for the bid will not be accepted. The BMC reserves the right to accept/reject any of the Tender's without assigning any reason whatsoever and shall be final and binding.

SMT.LEELADEVI PHOOL SINGH KUSHWAH
PRESIDENT
MUNICIPAL COUNCIL BIAORA

ATUL JAGTAP
VICE-PRESIDENT
MUNICIPAL COUNCIL BIAORA